17/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 प्रदान किए। विश्व शतरंज चैंपियन डी. गुकेश, पेरिस ओलंपिक में दोहरी पदक विजेता मनु भाकर, पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पिछले चार वर्षों में किसी खिलाड़ी द्‌वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। 32 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया गया।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सरकारी सहायता, हरित प्रौद्‌योगिकी और 'मेक इन इंडिया' पहल पर जोर देते हुए मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश गंतव्य के रूप में देश की क्षमता पर प्रकाश डाला। श्री मोदी नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिवसीय भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्‌घाटन करने के बाद बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र देश के लोगों की आकांक्षाओं से प्रेरित होकर अभूतपूर्व परिवर्तन देख रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत हरित प्रौद्‌योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मोबिलिटी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के इच्छुक प्रत्येक निवेशक के लिए देश एक उत्कृष्ट गंतव्य है।

इस वर्ष भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए, श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष 800 से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया और 1.5 लाख से अधिक लोगों ने एक्सपो का दौरा किया।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर अरुणाचल प्रदेश आन्ट्रप्रनर्शिप डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम- APEDP 4.0 का उद्घाटन किया। श्री खांडू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि APEDP 4.0 का उद्देश्य आन्ट्रप्रनरशिप ईकोसिस्टम का निर्माण करना है जो सामाजिक आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएगा। अरुणाचल प्रदेश आन्ट्रप्रनरशिप डेवेलपमेन्ट प्रोग्राम पहली बार अगस्त 2020 में शुरू किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य स्टार्टअप के बारे में लोगों को जागरूक करना और राज्य के उभरते उद्यमियों को अपने सपनों को साकार कर ‘नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनने’ का अवसर प्रदान करना है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में आयोजित डीसी कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के दौरान डीसी और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने, राज्य के उपायुक्तों से कृषि, पर्यटन और युवा एवं महिला सशक्तिकरण सहित सभी सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया हैं।

उपमुख्यमंत्री ने अरुणाचल की जलविद्युत क्षमता का लाभ उठाने और स्थानीय समुदायों के बीच ऐसी परियोजनाओं के लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। श्री मेन ने 'युवा वर्ष' पहल के तहत युवा सशक्तिकरण के लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 21,000 महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लक्ष्य पर भी जोर दिया। उन्होंने अरुणाचल के नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने और विकसित अरुणाचल के सपने को साकार करने के लिए जिला और राज्य अधिकारियों के बीच सक्रिय सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। सम्मेलन के तहत वरिष्ठ अधिकारियों और डीसी के लिए शासन चुनौतियों पर चर्चा, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और सशक्त और विकसित अरुणाचल प्रदेश के सपने को साकार करने के लिए रोडमैप तैयार करने पर चर्चा किया गया।

0000000000000000000

पुलिस विभाग ने मोटर वाहन अधिनियम, उन्नीस सौ अट्ठासी और अन्य कानूनों के उल्लंघन के तहत आईसीआर नाहरलागुन क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से मॉडिफ़ाइड बाइक साइलेंसर बेचने, इन्स्टॉल करने या उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। विभाग द्वारा यह निर्णय ध्वनि प्रदूषण को कम करने, शांति बनाए रखने और आईसीआर के निवासियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक हित में नोटिस जारी किया गया है।

पुलिस विभाग ने चेतावनी दी है कि, इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति, दुकान या ईस्टैब्लिशमेंट पर कानून के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000000000000000000

राज्य पुलिस ने यूटीए के सहयोगियों की गिरफ़्तारी पर सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों के जवाब में अपना रुख़ पुन: दोहराया है। एक प्रेस विज्ञप्ति में, पुलिस महानिदेशक ने खुलासा किया कि आरोपी यूटीए और नागा विद्रोही समूहों के वरिष्ठ सदस्यों के सीधे संपर्क में था, जो विद्रोही समूह और राज्य के युवाओं के बीच एक लिंक के रूप में काम करता था। एक अन्य प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आरोपी युवाओं का विद्रोही समूह में भर्ती करता और इन प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े शिविरों में उनके आने और जाने की सुविधा भी उपलब्ध करता रहा। इस बीच, राज्य पुलिस ने माता-पिता और अभिभावकों से सतर्क रहने और अपने बच्चों को ऐसे हानिकारक प्रभावों से दूर रखने की अपील की है।

0000000000000000000